कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन–5/2026/1844 भिलाई,दिनांक 06/11/26

नगर पालिक निगम जोन 05 सेक्टर 06 क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) आमंत्रित की जाती है :–

क्र	कार्य का नाम	RFP विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथी
1	जोन क्र. 05 वार्ड 60 स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन का संचालन एवं संधारण (O&M) कार्य हेतु RFP आमंत्रण। (तृतिय निविदा)	16.11.2026

प्रस्ताव का अनुरोध (RFP Request for proposal) स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट **www.bhilainagarnigam.com** अथवा संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में भी देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छत्तीसगढ़)

प्रस्ताव का अनुरोध (RFP - Request for proposal) निविदा प्रपत्र

विषय: जोन क्रमांक 05 वार्ड 60 स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन का संचालन एवं संधारण (O&M) कार्य हेतु RFPआमंत्रण। (तृतीय निविदा)

1. प्रस्तावना एवं पृष्ठभूमि (Background)

डिजिटल युग में सूचना और ज्ञान तक त्वरित पहुँच शिक्षा तथा कौशल विकास का आधार बन चुकी है। जोन 05 वार्ड 60 क्षेत्र में विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं, शोधकर्ताओं एवं आम नागरिकों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है।

परंपरागत पुस्तकों के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों (ई-बुक्स, इंटरनेट, ऑनलाइन जर्नल्स, कंप्यूटर सिस्टम) की उपलब्धता से स्थानीय नागरिकों को एक अनुकूल और आधुनिक अध्ययन वातावरण प्राप्त होगा। इस लाइब्रेरी के दीर्घकालिक, सुचारू एवं पारदर्शी संचालन तथा संपत्तियों के उचित रखरखाव (Maintenance) के लिए यह सुव्यवस्थित नियमावली तैयार की गई है।

प्रस्तावित स्थल **ऑक्सी रीडिंग जोन, जोन क्रमांक 05 वार्ड 60** में स्थित है। ऑक्सी रीडिंग जोन भू-तल में 490 वर्ग मीटर, मेज़ेनाइन फ्लोर लगभग 450 वर्ग मीटर एवं प्रथम तल 490 वर्ग मीटर है ।

2. RFP के मुख्य उद्देश्य (Key Objectives)

- ज्ञान एवं सूचना का सुलभ विस्तार: क्षेत्र के सभी वर्गों, विशेषकर विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षार्थियों को उच्च स्तरीय डिजिटल शैक्षणिक सामग्री और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना।
- डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा: स्थानीय नागरिकों को डिजिटल उपकरणों और ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना।
- शांत एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण: अध्ययन के लिए एक सुरक्षित, सुसज्जित और अनुशासित वातावरण प्रदान करना।
- संपत्ति एवं बुनियादी ढांचे का संरक्षण: लाइब्रेरी के आईटी उपकरणों, कंप्यूटर, फर्नीचर एवं अन्य भौतिक संपत्तियों का उचित रखरखाव (Maintenance) सुनिश्चित करना।
- आत्मनिर्भर एवं पारदर्शी प्रबंधन: लाइब्रेरी के दैनिक कार्यों, बजट और आय-व्यय का सुव्यवस्थित व पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करना।

3. वित्तीय मापदंड, अमानत राशि (EMD) एवं वार्षिक शुल्क

वित्तीय विवरण (Financial Particulars)	न्यूनतम निर्धारित दर / राशि (Prescribed Amount)
न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम/लाइसेंस शुल्क (Minimum Annual License Fee)	₹ 5,00,000/- (पांच लाख रुपये मात्र) GST सहित प्रति वर्ष | (उच्चतम बोलीदाता H-1 का चयन किया जाएगा)

Singh

Scanned with CamScanner

अमानत राशि (EMD - Earnest Money Deposit)	₹ 1,00,000/- (एक लाख रुपये मात्र)। Demand Draft / FDR रूप में 'आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई' के नाम देय।
Bid Fees (Non- refundable)	₹ 5,000/- (पांच हजार रुपये मात्र)।

4. एजेंसी के विशिष्ट दायित्व एवं कार्यक्षेत्र (Scope of Work & Key Responsibilities)

- **पेयजल व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत बिल भुगतान:** ऑक्सी रीडिंग जोन, जोन 05 वार्ड 60 हेतु आवश्यक विद्युत कनेक्शन/लोड क्षमता अनुसार ट्रांसफॉर्मर (Transformer) का स्थापना संबंधि आवश्यक कार्य / रख-रखाव, सब-स्टेशन एवं बिजली के समस्त मासिक बिलों का पूर्ण भुगतान एजेंसी द्वारा स्वयं के खर्च पर किया जाएगा एवं आवश्यक पेयजल के व्यवस्था की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।

- **पुस्तके,कम्पयुटर एवं अन्य व्यवस्था एवं संधारण:** ओक्सी रीडिंग जोन संचालन हेतु कंप्यूटर/इंटरनेट, विद्युत व्यवस्था, वाई-फाई की व्यवस्था, आवश्यकतानुसार एसी, कंप्यूटर, यूपीएस, फर्नीचर व सीसीटीवी इत्यादि लगाने एवं रखरखाव का दायित्व एजेंसी का होगा।

- **स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग व्यवस्था:** प्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर, केयरटेकर व सफाईकर्मी की नियुक्ति एवं उनका वेतन एजेंसी का दायित्व होगा। पूरा परिसर सीसीटीवी कवरेज में रहेगा।

- **आय अर्जन हेतु गतिविधियाँ:** एजेंसी ऑक्सी रीडिंग जोन के वित्तीय प्रबंधन हेतु निम्नलिखित गतिविधियों से आय अर्जित कर सकेगी।
  - **सदस्यता एवं उपयोग शुल्क**: विद्यार्थियों व उपयोगकर्ताओं व छात्र-छात्राओ से न्यूनतम राशि (विवरण खंड 6- क्र 02 अनुसार) | तय सीमा के अंतर्गत मासिक/वार्षिक सदस्यता शुल्क और डेली-पास शुल्क वसूलने का अधिकार।
  - **मूल्यवर्धित सेवाएं (Value-Added Services):** प्रिंटिंग, फोटोकॉपी, स्कैनिंग, लेमिनेशन, और इंटरनेट सेवाओं के लिए पारदर्शी दर पर शुल्क लेना।
  - **कैफेटेरिया/रिफ्रेशमेंट ज़ोन:** ओक्सी रीडिंग जोन के निर्धारित क्षेत्र में चाय, कॉफी, स्नैक्स या वेंडिंग मशीन लगाने का अधिकार।
  - **विज्ञापन एवं स्पॉन्सरशिप:** निगम की पूर्व स्वीकृति से चयनित स्थानों/डिजिटल बोर्ड पर विज्ञापन प्रदर्शित करने का अधिकार।
  - **विशेष कोचिंग/सेमिनार:** सप्ताहांत या शाम के समय प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग, करियर काउंसलिंग या स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप आयोजित करने का अधिकार।

5. आवश्यक एवं अनिवार्य दस्तावेज (Mandatory Eligibility Documents)

Scanned with CamScanner

- **अमानत राशि (EMD):** ₹ 1,00,000/- का डीडी/ आयुक्त MCB को देय होगा
- **वैधानिक पंजीकरण:** संस्था/फर्म का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (Society Act / Company Act / Firm Registration / Partnership)।
- **वित्तीय दस्तावेज:** पिछले 03 वित्तीय वर्षों का CA द्वारा अंकेक्षित (Audited) बैलेंस शीट एवं ITR (औसत टर्नओवर प्रमाण पत्र सहित)।GST रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (पिछले वित्तीय वर्ष का GST + क्लियरेंस सहित) एवं वैध PAN कार्ड की प्रति |
- **कार्य अनुभव प्रमाण पत्र:** किसी भी शासकीय/अर्ध-शासकीय/निजी ऑक्सी रीडिंग जोन के सफल संचालन एवं संधारण का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव।
- **शपथ पत्र (Affidavit):** ₹100 के स्टाम्प पेपर पर नोटरीकृत शपथ पत्र कि 'संस्था किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा काली सूची (Blacklisted) में नहीं है।'

6. पात्रता निर्धारण हेतु अंक मैट्रिक्स (Scoring Matrix - Maximum 100 Marks)

संस्थाओं की पात्रता व तकनीकी क्षमता का मूल्यांकन निम्नलिखित अंक मैट्रिक्स से होगा (न्यूनतम अर्हकारी अंक 60%):

क्र.	मूल्यांकन का आधार (Criteria)	विस्तृत मापदंड (Detailed Parameters)	अधिकतम अंक	रिमार्क
1	संस्था का अनुभव (Relevant Experience)	05 वर्ष से अधिक:	15	कार्यादेश एवं कार्य समाप्ति प्रमाण पत्र और अन्य सम्बंधित दस्तावेज
		02 से 05 वर्ष:	10	
		01 से 02 वर्ष:	05	
		कुल	**15**	
2	विद्यार्थियों एवं सदस्यों से प्राप्त मासिक सदस्यता शुल्क संरचना	₹ 500 से ₹ 1000 तक	15	मासिक शुल्क GST सहित
		₹ 1000 से ₹ 1500 तक	10	
		₹ 1500 से ₹ 2000 तक	8	
		₹ 2000 से अधिक	4	
		कुल	**15**	
3		**₹ 05 लाख से ₹ 06 लाख तक**	**05**	**वार्षिक लाइसेंस शुल्क की बोली में ₹10000 प्रतिमाह**

Scanned with CamScanner

	वार्षिक लाइसेंस शुल्क की बोली	₹ 06 लाख से ₹ 07 लाख तक	10	ऑक्सीजोन के बाह्य परिसर रखरखाव की आवश्यक शर्त को अतिरिक्त जोड़ कर।
		₹ 07 लाख से ₹ 08 लाख तक	15	
		₹ 08 लाख से ₹ 09 लाख तक	20	
		₹ 09 लाख से ₹ 10 लाख तक	25	
		₹ 10 लाख से ₹ 11 लाख तक	30	
		₹ 10 लाख से ₹ 12 लाख तक	35	
		₹ 12 लाख से अधिक	40	
		कुल	**40**	
4	संचालन, विद्युत व सफाई कार्ययोजना (O&M, Power & Hygiene Plan)	• लाइब्रेरी के संचालन, आवश्यकतानुसार ट्रांसफॉर्मर स्थापना /संधारण, विद्युत बिल भुगतान, सामग्री एवं स्वच्छता प्रबंधन योजना का प्रस्तुतिकरण	10	-
5	तकनीकी प्रेजेंटेशन (PPT Presentation)	• समिति के समक्ष सम्पूर्ण योजना का प्रस्तुतीकरण (विवरण खंड 7 में)	25	-
	समग्र मूल्यांकन (Total Score)	**कुल अंक**	**100**	

7. प्रेजेंटेशन (PPT Presentation) मूल्यांकन ब्रेक-अप (25 Marks)

- भविष्य की कार्य योजना का संचालन एवं संधारण (O&M & Sports Infrastructure Plan): **05 अंक**
- आय अर्जन मॉडल एवं प्रस्तावित शुल्क संरचना (Revenue Generation & Tariff Model): **10 अंक**
- लाइब्रेरी सम्बन्धित कार्य के प्रोत्साहन योजना (Library Operation related Plan): **05 अंक**
- विद्युत (ट्रांसफॉर्मर), सफाई एवं पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन (Power & Sanitation Plan): **05 अंक**

Scanned with CamScanner

8. महत्वपूर्ण तिथियां (Key Schedule)

RFP प्रपत्र डाउनलोड/प्राप्ति प्रारंभ तिथि	**06.11.2026**
प्री-बिड बैठक (Pre-Bid Meeting)	**12.11.2026**
RFP प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	**16.11.2026**
तकनीकी लिफाफा एवं EMD खोलने की तिथि	**17.11.2026**
प्रेजेंटेशन एवं साक्षात्कार की तिथि	पृथक से सूचित की जाएगी

9. वित्तीय दर प्रस्ताव (Financial Bid / Offer Rate)

उक्त परिसर/परिसंपत्ति के संचालन एवं संधारण (O&M) हेतु विभाग को वार्षिक प्रतिमाह भुगतान की जाने वाली दर (प्रीमियम) निम्नानुसार प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे:-

क्र.	कार्य / परिसंपत्ति का विवरण	न्यूनतम निर्धारित वार्षिक दर (GST सहित)	बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित वार्षिक दर (Tax रहित)	लागू Tax / GST (%)	कुल देय वार्षिक राशि (Tax सहित)
1	जोन क्रमांक 05 वार्ड 60 स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन संचालन एवं संधारण (Operations & Maintenance)	₹ 5,00,000.00			

Scanned with CamScanner

10. नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions)

- भुगतान की समयसारिणी एजेंसी को उच्चतम बोली प्रिमियम राशि अग्रिम में दो समान किश्तों में (प्रत्येक 06 महीने पर) निगम के बैंक खाते मे जमा करानी होगी। विलंब से भुगतान करने पर 18 प्रतिशत वार्षिक दर से दण्ड/ब्याज देय होगा।
- अनुबंध की अवधि 05 वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष न्यूनतम प्रिमियम शुल्क में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में 5 प्रतिशत तथा द्वितीय वर्ष पश्चात 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्वि की जावेगी।
- वार्षिक लाइसेंस शुल्क न्यूनतम ₹ 5,00,000/- (पांच लाख रुपये) GST सहित निर्धारित है, इससे कम बोली लगाने वाले प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
- अमानत राशि (EMD) ₹ 1,00,000/- का बैंक ड्राफ्ट, बिड फीस 5,000/- जमा करना अनिवार्य होगा।
- बिजली के मासिक बिलों का पूर्ण भुगतान, आवश्यकतानुसार ट्रांसफॉर्मर का स्थापना रखरखाव तथा विद्युत सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी चयनित एजेंसी की होगी।
- ऑक्सी रीडिंग जोन में शौचालयों की दैनिक नियमित सफाई व स्वच्छता (Sanitation) का दायित्व एजेंसी का होगा।
- परफार्मेंस बैंक गारंटी- बिड वैल्यू का 10% (5 साल के लिए)।
- परिसर में आगजनी से सुरक्षा हेतु संपूर्ण व्यवस्था नियमानुसार सुनिश्चित करना एवं इसमें संबंधित विभाग से क्लीयरेंस प्रमाण पत्र लेकर प्रस्तुत करना।
- समस्त पुस्तके, प्रतियोगी परीक्षाओ से संबंधित पुस्तके (सॉफ्टवेयर) एवं उपकरणों का उपलब्धता एवं रखरखाव एजेंसी द्वारा अपने खर्च पर की जाएगी।
- आय अर्जन की गतिविधियां (सदस्यता शुल्क, टूर्नामेंट बुकिंग, विज्ञापन, कैंटीन आदि) केवल नगर निगम भिलाई के नियमानुसार संचालित होंगी। लिए जाने वाले शुल्क की जानकारी निगम कार्यालय को देनी होगी।
- रखरखाव/ सफाई, कम्प्यूटर उपकरणो की उपेक्षा पर नियमाननुसार प्रतिदिन/प्रति घटना पेनाल्टी (1 हजार रूपये प्रति पेनाल्टी) लगाई जाएगी।
- एजेंसी, ऑक्सी रीडिंग जोन या किसी भी भाग के संचालन को किसी तीसरी पार्टी को हस्तांरित नहीं कर सकती
- ऑक्सी रीडिंग जोन में समस्त प्रकार के पुस्तके एवं प्रतियोगी परीक्षाओ से संबंधित पुस्तके (सॉफ्टवेयर) कम्प्यूटर उपकरणो की एजेंसी द्वारा लगाया एवं संधारण किया जावेगा।
- ऑक्सी रीडिंग जोन का स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु जोन आयुक्त जोन क्र. 05 कार्यालय (कार्यालीन अवधि) में संपर्क कर सकते है।
- संचालन अवधि में परिसर में किसी भी दुर्घटना /आपदा से सुरक्षा हेतु थर्ड पार्टी बीमा लेना अनिवार्य होगा एवं इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संचालनकर्ता एजेंसी की होगी।
- अनुबंध की अवधि अनुबंध अवधि 05 वर्ष रहेगी जिसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकेगा।
- इस प्रकार (Proposal) से जुड़ा कोई भी अंतिम निर्णय लेने,उसमें संशोधन/बदलाव करने,स्वीकृति देने या उसे रद्व करने का पूरा और एकाधिकार (Exclusive Authority) जोन क्रमांक 04 के जोन आयुक्त (Zone Commissioner) के पास सुरक्षित रहेगा।
- जोन आयुक्त,नगर पालिक निगम भिलाई के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी RFP प्रस्तावों को निरस्त/स्वीकृत करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
- विवाद समाधान एवं क्षेत्राधिकार (Jurisdiction): किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त,नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम होगा तथा न्यायिक क्षेत्राधिकार दुर्ग/भिलाई रहेगा।

जोन आयुक्त
जोन क्रं. 05 सेकटर 06
नगर पालिक निगम,
भिलाई

Scanned with CamScanner

MUNICIPAL CORPORATION BHILAI DISTT-DURG (C.G.)

Notice Inviting RFP

COMMISSIONER, MUNICIPAL CORPORATION BHILAIDISTT-DURG (C.G.) invites Online Tenders for and on behalf MUNICIPAL CORPORATION BHILAI DISTT-DURG (C.G.). As per Key Dates mentioned & all other conditions for submission of **RFP** and criteria for qualifications etc. have been mentioned in the **RFP** documents & **NIT**.

Work Details:

Name of work:- : जोन क्रमांक **05** वार्ड **60** स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी ऑक्सी रीडिंग जोन का संचालन एवं संधारण (O&M) कार्य हेतु RFPआमंत्रण। (तृतिय निविदा)

1) Earnest Money Deposit:- **1,00,000.00** {EMD(FDR)} (In favour of Zone Commissioner, Zone-05 sector 06 bhilai, Municipal corporation Bhilai)
2) Tender Form Fees - Rs. **5000.00** (By DD) in favour of Zone Commissioner, Zone-05 sector 06 bhilai , Municipal corporation Bhilai)
3) FDR of EMD, DD & Affidavit will be received through speed post or registered post. **(Offline)**

-: General Terms and Conditions :-

1. RFP Download, Submit Bid Has online, Submission of Bids, EMD and other Documents and other activities will be governed by the time schedules given under "Key Dates".

2. Physical Submission of **Tender Form Fees Rs. 5000.00 (By DD)** & EMD (FDR) **Earnest Money Deposit** Fees Rs **1,00,000.00** (FDR) And Send Municipal Corporation, Bhilai (C.G.) address of Zone-05 sector 06 bhilai , **Near Sai mandir road sector 06, 490006 (C.G.).**

3. Applicant must have minimum experience in similar completed/ongoing works as per pre-qualification criteria mentioned in RFP document.

4. The Municipal Corporation reserves the right to reject any part of/whole tender without assigning any reason and to restrict the list of pre-qualified tendered to any number deemed fit by it.

5. EMD & Tender Fee Envelop-A and Pre Qualification Documents, PPT Presentation Envelop-B .

6. Before the deadline for submission of Pruposal the Zone Commissioner Municipal Corporation Bhilai may modify the RFP document by issuing amendment.

7. Any amendment thus issued shall be part of the RFP and shall be published on web site.

Scanned with CamScanner

8. Zone Commissioner Municipal Corporation will open the envelope containing pre qualification document received (except those received late) in the presence of the tenderer(s) /representatives who choose to attend at the time, date and place specified in the Notice inviting RFP.

9. The authorized committee consisting of the Zone Commissioner Bhilai Municipal Corporation , concern Executive Engineer and the Account officer of the Bhilai&/or the designated officer will prepare minutes of the prequalification opening and shortlist/approve the qualified tenderers.

10. Envelope containing Earnest money, other required documents of qualified tenderer shall be opened online on the prescribed date and time as per Notice Inviting RFP. After verification of proper and valid Earnest money and other required documents financial offers of such qualified bidders shall be opened online by the Zone Commissioner, Bhilai Municipal Corporation in the presence of the tenderer (s)/ representative who choose to attend at that time.

11. **All document and certificates notarized/Self Attested must be submitted.**

12. Other Details can be seen in the RFP documents.

13. Water charges will be charged as per rules of Municipal Corporation, Bhilai

14. Prior to submitting an Pruposal, site inspections may be conducted between 11:30 AM and 5:30 PM on working days from 10 November 2026, to 13 November 2026, after contacting the Zone Commissioner (Zone-5) and obtaining the necessary permission.

All the Bidders are required to submit Envelope physically containing the following :

1. The Earnest Money Deposit (EMD) as specified in the RFP documents.
2. Attested copy of All certificates.
3. Attested copy of valid Commercial Tax Registration certificate in state of Chhattisgarh/valid Commercial Tax clearance certificate.

COMMISSIONER, MUNICIPALCORPORATION BHILAI DISTT-DURG (C.G.)

Note: - All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on the Website of **www.bhilainagarnigam.com, www.uad.cg.gov.in and tender-uad@cg.gov.in** order to download the RFP documents and participate in the subsequent bidding process.

For Any query please Contact :- Chandrakant Sahu (A.E.) 8962811265

Scanned with CamScanner